रेलवे सुरक्षा बल में कांस्टेबल व सब-इंस्पेक्टर बन सकेंगी महिलाएं, आधी सीटें मिलेंगी

महिलाओं के लिए खास खबर

जोधपुर| रेलवे सुरक्षा बल में कांस्टेबल व सब-इंस्पेक्टर के लिए रेलवे भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। करीब 9 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में इस बार आधे पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। उत्तर-पश्चिम रेलवे जोन के जोधपुर, जयपुर, अजमेर व बीकानेर मंडल के लिए यह भर्ती उत्तर-रेलवे के जिम्मे सौंपी गई है। फिलहाल जोधपुर मंडल में आरपीएफ के कांस्टेबल व सब-इंस्पेक्टर पदों की स्वीकृत संख्या में महिलाओं की भागीदारी 10 फीसदी से भी कम है। रेलवे में 15.06 लाख कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या है, जिनमें से 12.23 लाख कर्मचारी रोल पर हैं। जबकि शेष 2.82 लाख पद खाली हैं। रेलवे ने इन्हें अगले दो वर्षों में भरे जाने की घोषणा की है। रेलवे के मुताबिक 2.3 लाख पदों के लिए भर्ती अगले दो वर्षों में पूरी हो जाएगी। आरपीएफ के लिए भर्ती प्रक्रिया इसी माह शुरू की जा रही है।